हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 उत्साह से मनाया गया भाई-बहन के स्नेह का ...



08 दिन-रात के तापमान में अस्थिरता, बढ़े खांसी जुकाम...



## खबर संक्षेप

### विवाह-निकाह योजना के आवेदन की अंतिम तिथि 25 तक मांगे

**विदिशा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के तहत जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन एक नवंबर को आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सम्मेलन के सुचारू आयोजन हेतु दिशा-निर्देश जारी करते हुए बताया कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 25 अक्टूबर कर दी गई है। सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक पंकज जैन ने बताया कि पहले यह तिथि 22 अक्टूबर निर्धारित थी। सभी निकायों व जनपद अधिकारियों को 27 अक्टूबर तक प्राप्त आवेदनों की पात्रता परीक्षण कर पात्र-अपात्र सूची तैयार करने, ई-केवाईसी और बीपीएल पोर्टल पर जानकारी सत्यापित कर स्वीकृत आवेदन जनपद पंचायत विदिशा को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।



### नकली उर्वरकों पर रोक के लिए समितियां गठित

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में धरती माता बचाओ अभियान के अंतर्गत नकली, अवैध व अत्यधिक उर्वरक विक्रय पर रोक लगाने के लिए त्रिस्तरीय समितियों का गठन किया गया है। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में बनी समिति में सीईओ जिला पंचायत, पुलिस अधीक्षक, सहकारिता, कृषि विभाग, उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधि और कृषि वैज्ञानिक सदस्य होंगे। उपखंड स्तर पर एसडीएम अध्यक्ष और ग्राम स्तर पर सरपंच अध्यक्ष रहेंगे। समितियां उर्वरकों की बिक्री, उपयोग, भंडारण और कालाबाजारी पर निगरानी रखेंगी तथा आवश्यकता पड़ने पर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट देंगी। ग्राम समितियां खरीफ व रबी सीजन से पूर्व ओपन मीटिंग कर संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाएंगी। जिले के 100 ऐसे ग्राम चिन्हित होंगे, जहां उर्वरक का अत्यधिक उपयोग होता है, वहां कृषि वैज्ञानिकों के साथ बैठकें आयोजित की जाएंगी।

### नगतरा के गौरीशंकर तिवारी का निधन हुआ



**विदिशा।** ग्राम नगतरा निवासी स्वर्गीय ग्याप्रसाद ठुकराया के पुत्र एवं पुलिस आरक्षक सुनील तिवारी के पिता गौरीशंकर तिवारी का गुरुवारको निधन हो गया है। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य थे। दोपहर के समय उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। बेतवा तट पर अंतिम संस्कार हुआ। जहां बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने शामिल होकर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# महानीम चौराह पर बाइक और 108 एंबुलेंस की टक्कर में युवक की मौत, एक गंभीर

## बरखेड़ा अड़वार (रिनिया) निवासी विकास और रोहित बुधवार की रात अपनी बुआ के घर भियाखेड़ी में जन्मदिन में शामिल होने आए थे

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

नगर के महानीम चौराह पर बुधवार देर रात करीब 10 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। 108 एंबुलेंस और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर अवस्था में भोपाल में उपचाररत है।

रिनियां बरखेड़ा निवासी विकास मीणा पिता पर्वत सिंह (19) एवं रोहित मीणा पिता गुलाब सिंह (18) बुधवार को अपनी बुआ के घर भियाखेड़ी में जन्मदिन समारोह में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोनों युवक रात करीब 10 बजे मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान महानीम चौराहा पर सामने से आ रही 108 एंबुलेंस से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।


घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद मयूर भार्गव और डॉ. शुभम सेन ने मानवीयता का परिचय देते हुए तत्काल 112 पुलिस को सूचना दी और घायलों को शमशाबाद के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें भोपाल रेफर कर दिया।



शमशाबाद। हादसे में युवकों की बाइक चकनाचूर हो गई है। वहीं एंबुलेंस भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

### भोपाल में इलाज के दौरान विकास की मौत

भोपाल ले जाते समय विकास मीणा की हालत नाजुक होती गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, रोहित मीणा का इलाज भोपाल के अस्पताल में जारी है। बताया गया कि मृतक विकास मीणा के पिता पर्वत मीणा का निधन दस वर्ष पूर्व ही हो चुका है। वह इंदौर में निजी कंपनी में काम करता था और दीपावली की छुट्टियों पर घर आया हुआ था। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। क्षेत्र में भी घटना को लेकर शोक का माहौल है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## कृषि उपज मंडियों में आज से लागू होगी भावांतर योजना

# जिले की सात मंडियों और दो उपमंडियों में किसानों को मिलेगा ऑनलाइन भुगतान

> ***यदि किसी कारणवश किसान स्वयं विक्रय नहीं कर पाता और उसके स्थान पर नॉमिनी विक्रय करता है, तो उसे सरकारी पहचान पत्र आधार या वोटर आईडी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।***

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

किसानों के हित में मध्यप्रदेश शासन द्वारा भावांतर भुगतान योजना को एक बार फिर प्रभावशील किया गया है।

यह योजना 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक प्रदेश की समस्त कृषि उपज मंडियों एवं चिन्हित मंडियों में लागू रहेगी। विदिशा जिले की सात मुख्य मंडियों के साथ-साथ गंजबासौदा की उपमंडी बागरोद और लटेरी की उपमंडी आनंदपुर में यह योजना संचालित होगी। नोडल सचिव नीलमणि वैद्य ने बताया कि योजना के अंतर्गत मंडी में उपज विक्रय करने पर ही लाभ मिलेगा। किसान मंडी में विक्रय के समय पंजीयन की प्रति, आधार कार्ड एवं पंजीयन में दर्ज बैंक खाते की पासबुक की प्रति साथ लाना अनिवार्य होगा। योजना का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से पंजीकृत बैंक खाते में किया जाएगा। मंडी प्रवेश के समय कृषकों को आधार क्रमांक और पंजीयन विवरण देना जरूरी है, अन्यथा उन्हें भावांतर का लाभ नहीं मिलेगा। योजना का लाभ केवल उच्च गुणवत्ता वाली सोयाबीन उपज पर ही मिलेगा, इसलिए कृषकों से अपील की गई है कि वे अपनी उपज को साफ, छानकर और पाला कर मंडी में विक्रय हेतु लाएं। यदि किसी कारणवश किसान स्वयं विक्रय नहीं कर पाता और उसके स्थान पर नॉमिनी विक्रय करता है, तो उसे सरकारी पहचान पत्र (आधार या वोटर आईडी) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। व्यापारियों को भी भुगतान के समय किसान से पंजीयन विवरण लेना होगा। नकद भुगतान की स्थिति में भावांतर योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा।

### कृषि योजनाओं का लाभ लेने 'एमपी किसान' पोर्टल पर पंजीयन जरूरी

कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को "एमपी किसान" पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। विभाग के अनुसार बीज, सिंचाई यंत्र, आदान सामग्री सहित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, परंपरागत कृषि विकास योजना (**PKVY**), नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग (**NMNF**) एवं राष्ट्रीय मिशन ऑन एडिबल ऑयल-तिलहन जैसी योजनाओं का लाभ केवल उन्हीं कृषकों को मिलेगा, जिन्होंने **kisan.mp.gov.in** पोर्टल पर पंजीयन कराया होगा। किसान स्वयं वेब ब्राउजर पर **kisan.mp.gov.in**




वेबसाइट खोलकर कृषि योजना के लिये आवेदन लिंक पर क्लिक कर पंजीयन कर सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, भूमि विवरण, समग्र आईडी और जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) आवश्यक हैं। किसान आधार नंबर या भू-अभिलेख के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। इच्छुक किसान अपने निकटतम एमपीऑनलाइन या सीएससी केंद्र पर जाकर भी पंजीयन करा सकते हैं। कृषि विभाग ने सभी कृषक बंधुओं से अपील की है कि वे शीघ्र एमपी किसान" पोर्टल पर अपना पंजीयन कराएं, ताकि वे विभागीय योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें।

# नगर पालिका के कर्मचारी के साथ दिनदहाड़े हुई लूट

## रामलीला रोड पर 4 बदमाशों ने चाकू से किया हमला



विदिशा। घायल कर्मचारी का जिला अस्पताल में चल रहा है उपचार।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रामलीला रोड पर बुधवार रात करीब 10 बजे नगरपालिका कर्मचारी बसंत कुशवाह पर चाकू से हमला किया गया और उनके 22 हजार रुपए लूट लिए गए।

जानकारी के अनुसार बसंत कुशवाह अपनी ड्यूटी से रायपुरा स्थित घर लौट रहे थे। रामलीला रोड पर कल्लू मुर्गा की दुकान के पास उनकी बाइक की चाबी गिर गई जिसे लेकर वे दुकानदारों से पूछताछ कर रहे थे। इसी दौरान चार अज्ञात युवकों ने उन्हें रोक लिया और झगड़ा शुरू कर दिया। एक युवक ने बसंत कुशवाह पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उनके पैर और कलाई में चोटें आईं। हमलावरों ने घायल बसंत कुशवाह की जेब से 22 हजार रुपए लूट लिए। घटना की सूचना मिलने पर शिवसेना जिला अध्यक्ष राहुल जोशी मौके पर पहुंचे और अपने साथियों की मदद से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक आज, विभिन्न विभागों की होगी समीक्षा

- बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 24 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी करेंगी। इस दौरान विभिन्न विभागों की कार्यप्रगति और योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। कृषि विभाग के बीज वितरण एवं हितग्राही लाभ की स्थिति, शिक्षा विभाग के निर्माण कार्य, खनिज विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यों हेतु दी गई गौण खनिज अनुमतियां एवं रॉयल्टी पर चर्चा होगी। साथ ही जल निगम की पूर्ण योजनाएं, आदिम जाति कल्याण विभाग की व्यय स्थिति, प्रधानमंत्री सड़क योजना की प्रगति, मत्स्य विभाग के तहत तालाबों की नीलामी तथा ग्राम पंचायत सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों के अतिप्रभार से जुड़े विषयों की भी विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

### घर में चल रहीं थीं तैयारियां, युवक ने कर ली आत्महत्या

**विदिशा।** राजा भैया कॉलोनी में भाईदूज के दिन एक 24 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव की पहचान अभिषेक अहिरवार (24) के रूप में हुई, जो पुट्टी करने का काम करता था। उसके पिता श्याम सिंह अहिरवार ने बताया कि बुधवार रात करीब एक बजे तक अभिषेक परिजनों के साथ जाग रहा था। सुबह लगभग पांच बजे उसकी मां ने उसे कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया। परिजनों की सूचना पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पंचनामा बनाया और पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा। परिजनों के अनुसार, अभिषेक ने यह कदम क्यों उठाया, इसका उन्हें कोई अंदाजा नहीं है। अभिषेक न तो आर्थिक परेशान था न घर में कोई विवाद हुआ।

## एसडीएम क्षितिज शर्मा ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती बच्चों से की मुलाकात

# कार्बाइड गन मामला: उपचार के बाद अधिकांश बच्चों को मिली छुट्टी, 4 भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

दीपावली के दौरान कार्बाइड गन और पटाखों की चपेट में आए बच्चों की स्थिति जानने गुरुवार को एसडीएम क्षितिज शर्मा, विधायक मुकेश टंडन मेडिकल कॉलेज पहुंचे।

एसडीएम शर्मा ने बताया कि लगभग 50 बच्चे इस हादसे में प्रभावित हुए थे, जिनमें अधिकांश को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। एक बच्चे का ऑपरेशन भी किया गया, जबकि वर्तमान में चार बच्चे मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं, जिनमें से तीन



कार्बाइड गन से और एक बच्चा अन्य पटाखे से घायल हुआ है। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि घटना के बाद प्रशासन और पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी महाराष्ट्र से आकर कार्बाइड गन का कारोबार कर रहे थे। सीएसपी अतुल सिंह ने बताया कि दीपावली से पहले ही पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर चेतावनी दी थी। घटना के बाद 268 कार्बाइड गन और कार्बाइड पुड़िया जब्त की गई हैं। तरह की खतरनाक वस्तुओं की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जा रहा है।

### युवक ने सल्फास खाकर की आत्महत्या, परिजनों ने लगाए आरोप

**विदिशा।** हैदरगढ़ में 27 वर्षीय मनीष यादव ने बुधवार शाम सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल विदिशा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार जब मनीष की हालत बिगड़ने लगी तो उसने बताया कि उसने यह जहरीला पदार्थ खा लिया है। मृतक के भाई अनिल यादव ने बताया कि इससे पहले भी तीन लोगों की मौत इसी तरह के जहर से हो चुकी है। अनिल यादव ने प्रशासन से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों के मुताबिक मनीष आर्थिक परेशानी से गुजर रहा था। जमीन में घाटा होने के कारण उसने यह कदम उठाया। मनीष की एक छोटी बेटी भी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## सुबह अभिषेक हुआ, शाम को आमसभा और प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए

# 24 घंटे रोकी कलम: भगवान चित्रगुप्त की पूजा के बाद ही कायस्थ समाज ने चलाई कलम, मंदिर में हुई आमसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

यम द्वितीया के अवसर पर शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में सुबह के समय भगवान चित्रगुप्त का अभिषेक कर भगवान को नए वस्त्र धारण कराए गए। कायस्थ समाज के संयोजक एवं मार्गदर्शन मंडल के सदस्य अनिल दीवान ने भगवान को नवीन वस्त्र अर्पित किए। अभिषेक के बाद पूजन, आरती और प्रसादी वितरण हुआ। इसके बाद ही कायस्थ बंधुओं ने कलम चलाई। दीपावली पर लक्ष्मी पूजा के बाद से कायस्थ समाज के लोग कलम चलाना बंद कर देते हैं और यम द्वितीया पर पूजन करने के बाद ही कलम चलाते हैं।



शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में शाम को भी विभिन्न कार्यक्रम हुए। शाम 5 बजे से मंत्र लेखन पुस्तिकाओं का पूजन किया गया। भगवान चित्रगुप्त की कथा एवं हवन हुआ। इसके बाद आमसभा हुई। जिसमें समाज के वरिष्ठजनों ने मार्गदर्शन दिया। समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों एवं अतिथियों के उद्बोधन के बाद मेंहदी और रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।



विदिशा। शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में शाम को हवन पूजन करते हुए।

यम द्वितीया के अवसर पर भगवान चित्रगुप्त की संगीतमय महाआरती की गई। जिसमें बड़ी संख्या में कायस्थ बंधु सहभागी बने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी अरुण हजेला, मास्टर ट्रेनर, डाइट अजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ समाजसेवी प्रतिभा अनिल खरे, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अतुल वर्मा मौजूद रहे। कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि कायस्थ समाज के इच्छुक सदस्य आजीवन या संरक्षक सदस्य बनने के लिए प्रत्येक गुरुवार को कोषाध्यक्ष से संपर्क कर सकते हैं।

### आमंत्रण नहीं मिलने पर क्रोधित हो गए थे भगवान चित्रगुप्त जी

मान्यता के अनुसार भगवान राम के राज्याभिषेक के समय भगवान चित्रगुप्त जी को आमंत्रण देना भूल गए थे। क्रोधित होकर भगवान चित्रगुप्त ने अपनी कलम रोक दी थी। इसके बाद गुरु वशिष्ठ और भगवान राम ने चित्रगुप्त जी से क्षमा मांगी और उनसे कलम फिर से उठाने का आग्रह किया। पूरे 24 घंटे बाद भगवान चित्रगुप्त ने अपनी कलम उठाई और प्राणियों के कर्मों का लेखा-जोखा लिखना फिर से शुरू किया। इसी घटना को लेकर कायस्थ समाज दीपावली की रात से लेकर यम द्वितीया तक कलम नहीं चलाते। भगवान चित्रगुप्त की पूजन करने के बाद ही कमल चलाना शुरू करते हैं और अच्छे बुरे कर्मों का लेखा जोखा लिखना शुरू किया था।

### ब्रह्माकुमारी केंद्र पर भाई दूज कार्यक्रम हुआ

**विदिशा।** भाई दूज के पावन अवसर पर बालाजीपुरम ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र पर बीके सपना दीदी द्वारा भाई दूज कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में बीके सपना दीदी ने उपस्थित जनों को तिलक लगाकर मिष्ठान वितरण किया एवं योग ध्यान कथा के माध्यम से कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर लायन अरुण कुमार सोनी, लायन वेद प्रकाश शर्मा, चमनलाल माहेश्वरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी जूली दीदी, भाई गगन आदि का विशेष सहयोग रहा तथा आभार प्रदर्शन लक्ष्मण सम्मरवाल ने किया।





## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-4850
सरसों
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-7111
चना
न्यूनतम भाव- 3700
उच्चतम भाव- 5870
मसूर
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-7860
उड़द
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-6301
मक्का
न्यूनतम भाव- 900
उच्चतम भाव- 1900
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3201
धान
न्यूनतम भाव-1210
उच्चतम भाव-3211
मूंग
न्यूनतम भाव-7000
उच्चतम भाव-7000
बटरी
न्यूनतम भाव-2130
उच्चतम भाव-4501
तुअर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-4200
गेंहू
न्यूनतम भाव- 1601
उच्चतम भाव- 3601

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 14759 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# कृषि उपज मंडी में मुहूर्त की खरीदी में विधायक ने लगाई पहली बोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





गुरुवार को दूज पर विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने नवीन कृषि उपज मंडी पहुंचकर दूज की नीलामी में भाग लिया और स्वयं बोली लगाई। मुहूर्त की पूजन मंडी के पंडितों द्वारा पूरे विधि विधान से की गई। इसके पश्चात विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने पंडित जी को वस्त्र एवं मिठाई देकर आशीर्वाद लिया। साथ ही किसानों को भी पुष्पहार पहनाकर उनका स्वागत किया गया। नीलामी के दौरान मुहुर्त की पहली नीलामी में विधायक ने पचमा के किसान लोकेन्द्र यादव के गेहूं को 3101 रूपए प्रति क्विंटल के भाव बुंदेल सिंह जगन्नाथ सिंह फर्म के लिए खरीदा। वहीं धान की पहली मुहुर्त नीलामी में काके ट्रेडिंग कंपनी ने सतपाडा के किसान दीपेश की धान को 2901 रु प्रति क्विंटल के भाव पर खरीदा। मुहूर्त खरीदी पर व्यापारियों में काफी उत्साह देखने को मिला और किसानों को अपनी उपज के अच्छे दाम मिले। अनाज तिलहन संघ के अध्यक्ष सतीश जैन कटारे ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित कीं और सभी किसान, व्यापारी, तुलावट, हम्माल, मजदूर आदि सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडी विधायक प्रतिनिधि तरवर सिंह रघुवंशी, मंडी सचिव सोहनलाल, इमरत सिंह राजपूत, शंभू सिंह रघुवंशी, जसवंत रघुवंशी, आकाश जैन, शिवराम राजपूत, महेश अग्रवाल, शिवशरण सिंह रघुवंशी शेबू, अरूण अग्रवाल, राजेंद्र जैन, राकेश खंडेलवाल, सुखजीत सिंह काके, पवन गुप्ता, उमेश अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, दीपक जैन, शरद साहू सहित अनेक किसान मौजूद थे।

### बेतवा रिपटा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा तक चलेगा भगवान शिव का अभिषेक

# उत्साह से मनाया गया भाई-बहन के स्नेह का त्यौहार भाई दूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





दीपावली के दो दिन बाद इलाके भर में यम द्वितीया यानि भाई दोज का पर्व उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इन दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं ने घरों में दोज की पूजन अर्चन कर होम धूप दिया और उसके बाद ही अपने काम काज शुरू किए। इसके बाद बहनों ने भी अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु की कामना की। साथ ही भाइयों ने भी बहनों को उपहार आदि भेंट किए। वहीं कायस्थ समाज ने भी भगवान चित्रगुप्त की जयंती मनाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। उल्लेखनीय है कि दीवाली के बाद भाई बहनों के स्नेह का प्रतीक पर्व भाई दोज मनाया जाता है। गुरुवार को भाई दोज के अवसर पर गोबर से बनाई दोजों की पूजन अर्चन करते हुए उन्हें होम लगाया गया। इसके बाद घरों सहित कार्य स्थल पर यंत्र, उपकरणों, औजारों की पूजन कर उपयोग शुरू किया गया। दोज के अवसर पर नगर सहित इलाके भर में बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु की कामना की और उनसे उपहार आदि प्राप्त किए। इस मौके पर छोटे भाई बहनों में विशेष उत्साह रहा और छोटी बालिकाओं ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनसे चॉकलेट, खिलौने, रूपए सहित अन्य उपहार प्राप्त किए। वहीं कार्तिक स्नान करने वाले श्रद्धालुओं ने बेतवा रिपटा घाट पर यम द्वितिया गुरुवार को भगवान शिव का अभिषेक किया इसके बाद मां बेतवा की आरती उतार कर छप्पन भोग लगया। गुलाबी सर्दी के बीच इस आयोजन में जहां श्रद्धालुओं में उत्साह नजर आया। अब एक माह कार्तिक पूर्णिमा तक शिव अभिषेक और कार्तिक स्नान वेद मंत्रों के साथ चलेगा। पूर्णिमा पर इसका समापन होगा। इसके बाद इदगाह रोड स्थित आश्रम में कन्या भोज का आयोजन भी किया जाएगा।

यहां उल्लेखनीय है कि बेतवा नदी के रिपटा घाट पर पंडित भागीरथ शास्त्री के सानिध्य में एक माह तक लगातार भगवान शिव के अभिषेक के साथ कार्तिक स्नान का आयोजन चल रहा है। दीपावली के बाद यम द्वितिया को सभी श्रद्धालु सूर्योदय से पूर्व घाट पर पहुंचे आयोजन में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं ने बेतवा में स्नान किया। इसके पश्चात घाट पर भगवान शिव का दरबार सजाया फिर अभिषेक प्रारंभ हुआ वेद मत्रों के साथ अभिषेक संपन्न होने के बाद बेतवा का पूजन अभिषेक किया गया। इसके बाद छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसके बाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने दीपदान किया। आरती के पश्चात सूर्य को अर्घ्य देने के बाद प्रसादी का वितरण हुआ। यह आयोजन शरद पूर्णिमा से प्रारंभ हो गया था। कार्तिक के पूरे माह में पवित्र नदी में स्नान करने का प्रचलन रहा है। हिन्दू शास्त्रों के अनुसार कार्तिक माह में व्रत स्नान और दान का बहुत ही ज्यादा महत्व है। पंडित भागीरथ शास्त्री ने बताया कि इससे पाप का नाश होकर सुख शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। व्रती की हर तरह की मनोकामना पूर्ण होती है। स्कंद पुराण में कार्तिक माह की महिमा का वर्णन है। कार्तिक के समान दूसरा कोई मास नहीं सत्ययुग के समान कोई युग नहीं वेद के समान कोई शास्त्र नहीं और गंगाजी के समान कोई तीर्थ नहीं है। कार्तिक मास में इंद्रियों पर संयम रखकर चांद-तारों की मौजूदगी में सूर्योदय से पूर्व ही पुण्य प्राप्ति के लिए स्नान नित्य किया जाता है। नगर में भी बडी संख्या में श्रद्धालु कार्तिक स्नान कर रहे हैं।

## विधायक एवं रेल्वे अधिकारियों ने किया फ्रीगंज गली का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरुवार को विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं भोपाल मंडल के डीसीएम फ्रीगंज वार्ड क्रमांक 1, 2 की गली में पहुंचे, इस दौरान उन्होंने गली का निरीक्षण किया। यहां उल्लेखनीय है कि उक्त गली से रहवासियों की निकासी के लिए चौड़ीकरण किया जाना है। जिसको लेकर विधायक एवं रेलवे के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान राकेश खटीक, राजू रैकवार, दीपक शर्मा, संदीप रघुवंशी, देवेन्द्र राजपूत, मुकेश खटीक, संजय शर्मा, महेन्द्र लोधी सहित अनेक वार्डवासी मौजूद थे।

## यम द्वितीया पर हुए अनेक आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

दीपावली की दूज एवं यम द्वितीया भाई दूज के अवसर पर देवनगरी बेहलोट स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में गुरुवार को अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। कायस्थ समाज विकास कल्याण समिति के तत्वावधान में नगर के कायस्थ समाज द्वारा चित्रगुप्त मंदिर में सामूहिक रूप से आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त पूजन एवं कलम दवात की पूजा की गई। इस अवसर पर चित्रगुप्त कथा का वाचन, महाआरती व प्रसादी वितरण किया गया। सायंकाल मंडली द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। तो वही इसके पूर्व शुभ मुहूर्त में कायस्थ समाज के परिवारों ने अपने-अपने घरों पर भगवान चित्रगुप्त की पूजा व कलम दवात पूजा की और परिवार की बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर उनके स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य की कामना की, भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर रक्षा का वचन दिया। इस अवसर पर समस्त कायस्थ समाज की ओर से समिति द्वारा विधायक हरि सिंह रघुवंशी का पुष्पहार, शाल एवं श्रीफल से सम्मान कर भगवान चित्रगुप्त की तस्वीर एवं धातु के कलम दवात भेंट किये। इसके पूर्व विधायक ने भगवान चित्रगुप्त के दर्शन कर मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की एवं आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात मंदिर प्रांगण में विधायक द्वारा पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी,समाज के वरिष्ठजन, महिला पदाधिकारी मौजूद रहे।

### नगर के दो युवाओं ने किया रक्त दान

**गंज बासौदा।** भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष सुमन आचार्य भोपाल के नोवल हॉस्पिटल में भर्ती हैं। उनकी बायपास सर्जरी के दौरान ब्लड की जरूरत थी। जिसकी जानकारी मिलने पर युवा भाजपा नेता शैलेन्द्र यादव और शुभम रघुवंशी ने भोपाल पहुंचकर रक्त दान कर पीड़ित मरीज की मदद की। डॉ राकेश जादौन की फेसबुक पोस्ट के बाद विजय अरोराऔर विधायक पुत्र संजय रघुवंशी ने भी रक्तदान के लिए मदद की पेशकश की थी। सुमन आचार्य के परिजनों ने रक्तदान करने वाले और रक्तदान के लिए सहयोग की पेशकश करने वालों का आभार व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### वाचनालय पाठक संघ ने मनाई जयंती



**गंजबासौदा।** शहर वाचनालाय पाठक संघ के तत्वावधान में स्वामी रामतीर्थ एवं क्रांतिवीर अशफाक उल्ला खान की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि स्वामी राम तीर्थ का जन्म 22 अक्टूबर 1873 को पंजाब में हुआ। वहीं देश के महान क्रांतिवीर अशफाक उल्ला खान का जन्म 22 अक्टूबर 1900 को उप्र के शाहजहांपुर में हुआ। अशफाक खान ने रामप्रसाद बिस्मिल के साथ काकोरी खजाने की लूट में साथ दिया और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया, वहीं स्वामी ने गंगाजी में जल समाधी ली। इस अवसर पर सुरेंद्र शर्मा, विजय अरोरा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रभारी सतीश शिल्पकार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर दीपक तिवारी, कैलाश नेमा, हजरत सिंह, सुरेंद्र दांगी, गोपाल सिंह ठाकुर आदि पाठकगण उपस्थित थे।

### अम्बेडकर चौक पर दीपदान उत्सव आयोजित



**गंजबासौदा।** भगवान गौतम बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति दिवस के उपलक्ष्य में अंबेडकर चौक पर दीपदान उत्सव मनाया गया। इसी दिन गौतम बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति हुई थी एवं वह कपिलवस्तु वापस आए थे। इस दिन सम्राट चक्रवर्ती अशोक ने अपने राज्य में घोषणा की थी कि 84000 बौद्ध स्तूपों पर कार्तिक अमावस्या को दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इसी की याद में दीपोत्सव कार्यक्रम शाम 6 बजे आयोजित किया गया। इसका आयोजन बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के तत्वाधान में किया गया। ब्लॉक के अध्यक्ष महेंद्र दिवाकर एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रिटायर्ड शिक्षक जयराम अहिरवार एवं अजाक्स संघ के जिला अध्यक्ष एलआर अहिरवार द्वारा भगवान बुद्ध की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में सुनीता दिवाकर, कांता प्रभाकर, शशि बरसेना ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किए।

## नगर सहित आसपास पड़ी बौछारें, आगामी दिनों में अच्छी बारिश के आसार, किसानों को हो सकता है फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



मौसम विभाग के पूर्वानुमान अब एक बार फिर सटीक निकल रहे हैं और इलाके में गुरूवार से ही बौछारें पडने का सिलसिला शुरू हो गया है। गुरूवार को नगर सहित आसपास के कई गांवों में कुछ देर के लिए बौछारें पडीं। अब मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों ने आगामी दिनों में भी अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। इस बारिश से जहां अधिकांश किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है, वहीं धान उत्पादक किसानों को नुकसान पहुंचने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने 25 अक्टूबर से बारिश के संकेत दिए थे। हांलाकि पिछले दो दिनों से आसमान पर बादल छा रहे थे और उमस भी बढ गई थी,जिससे बारिश की संभावना नजर आने लगी थी। गुरूवार की शाम को अचानक तेज हवाओं के साथ आसमान पर गहराए बादलों से नगर सहित आसपास के क्षेत्र में कुछ देर तक बौछारें पड गईं। हांलाकि बारिश की संभावना को देखते हुए किसानों ने खेतों को बखर दिया था या बखरने की तैयारी में जुटे हैं, जिससे बारिश से प्राकृतिक सिंचाई हो सके और उनका समय, श्रम, राशि की बचत हो सके। उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी 25 अक्टूबर से लेकर 1 नवंबर तक इलाके में अच्छी बारिश के पूर्वानुमान व्यक्त किए हैं। यदि बारिश होती है तो किसानों को काफी फायदा हो जाएगा।

### शरद पूर्णिमा पर्व से कार्तिक सुदी पूर्णिमा तक प्रतिदिन निकाली जा रही रैली

# गुरु नानक जयंती के चलते निकल रही प्रभात फेरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

श्री गुरु नानक देव की पावन जयंती के उपलक्ष्य त्योंदा रोड सिन्धी कालोनी में शरद पूर्णिमा से गुरु नानक जयंती तक प्रतिदिन मंदिर में अमृत वेले प्रातः 5 बजे श्री जप साहब का पाठ किया जा रहा है। वहीं पूज्य सिंधी पंचायत के संरक्षक सत्यपाल तनवानी के नेतृत्व में प्रातः 5:30 बजे प्रभात फेरी निकाली जा रही है। सुरेश तनवानी ने बताया कि यह प्रभात फेरी पूरे 1 महीने तक समाज के लोगों द्वारा भगवान का जाप धन गुरु नानक, सारा जग तारिया, सारा जग तारिया, पार उतारिया राधे राधे, श्याम मिला दे राधा कृष्ण, गोपाल कृष्ण की धुनी लगाते हुए निकल रही है। इसमें समाज के लोगों के अलावा अन्य लोग भी प्रतिदिन शामिल हो रहे हैं। गुरुवार को यह प्रभात फेरी सिंधी कालोनी से निकल कर जय स्तंभ चौक होते हुए सत्यपाल तनवानी के बरेठ रोड स्थित निज निवास पर पहुंची। जहां पर भजन कीर्तन किया गया तथा नवयुवक दीक्षांत तनवानी द्वारा बहुत सुंदर शब्दों में अरदास की गई।

यह प्रभात फेरी प्रतिदिन आमंत्रित अलग अलग घरों में पहुंचती है। आज प्रातः इस प्रभात फेरी में दिलीप मंगवानी, नानक मामा, प्रदीप खटवानी, सुरेश तनवानी, हशमत मामा, प्रकाश वाधवानी, चेतन कटारिया, तरू खिलवानी, दीपू गोपलानी, विनोद हूंदवानी, लताश माधवानी, प्रियांश घिघानी, राकेश तनवानी, सुनील तनवानी,टिंकल मेहता, जतिन तनवानी, नीलेश तनवानी,यश मेहता सहित बड़ी संख्या में माताएं बहिनें उपस्थित थीं।

### साहित्कार संघ की काव्य गोष्ठी 29 अक्टूबर को

**गंजबासौदा।** साहित्यकार चन्द्र कुमार तारण ने बताया कि साहित्यकार संघ की व्यंजनों के साथ टिफिन काव्य गोष्ठी 29 अक्टूबर को सुबह 10 बजे आयोजित की जाएगी। यह गोष्ठी प्रकृति की गोद में मां बेत्रवती के आंचल में धूल धुआं से मुक्त उन्मुक्त गगन के नीचे अंतर मन के उत्तम विचारों से परिपूर्ण कल कल करती निर्मल जलधारा को निहारते हुए होगी। जिसमें जो कलम बिकी नहीं झुकी नहीं, रुकी नहीं, उसे कलम से सृजित, गीत, गजल, व्यंग, कविता के रंग बिखेरे जाएंगे। जिसमें सभी साहित्यकारों, कवियों से शामिल होने की अपील की गई है।

# धरती पर अवतरित धर्मराज भगवान की पहचान जरुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थिति सेवा केंद्र द्वारा भाई दूज का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें महाराष्ट्र से आई संध्या दीदी ने भाइयों को चंदन का तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र व स्वस्थ रहने की कामना की, ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि अमावस्या की काली, अंधियारी रात को दीपावली का त्योहार मनाया जाता है और जिस दिन चन्द्रमा के दर्शन होते हैं उस दिन भारत में सर्वत्र भैया दूज या यम द्वितीया का पर्व मनाया जाता है। रक्षाबंधन के पर्व की तरह ही यह भी बहन-भाई के निश्छल प्रेम का प्रतीक है। कहते हैं, यमुना और यम दोनों बहन-भाई थे। यमुना की शादी मृत्युलोक में हो गई और वह धरती पर बहने लगी। यम को यमपुरी में आत्माओं के कर्मों के हिसाब-किताब देखने और कर्मों अनुसार फल देने की सेवा मिली। बहन के बार-बार बुलावा भेजते-भेजते आखिर एक दिन भाई आने को वचनबद्ध हो गया, भाई को घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना न रहा। बड़े ही प्यार से, शुद्धिपूर्वक उन्हें भोजन करवाया और बहुत आतिथ्य किया। बहन के निश्छल स्नेह से प्रसन्न होकर यमराज ने वर मांगने को कहा। बहन ने कहा- हर वर्ष इस दिन आप मेरे घर आकर भोजन करें। मेरी तरह जो भी बहन अपने भाई को स्नेह से बुलाए, स्नेह से सत्कार करे, उसे आप सज़ाओं से मुक्त करें। यमराज ने तथास्तु कहा और यमुना को वस्त्राभूषण देकर वापस लौट गए। इस कहानी का बहुत सुन्दर आध्यात्मिक रहस्य है। हमने भक्ति मार्ग में भगवान को मात-पिता तो माना ही, सखा और भाई भी माना। एक समय था जब हम आत्मायें और बन्धु रूप परमात्मा इकट्ठे एक ही घर परमधाम में रहते थे। बाद में हम आत्मायें पृथ्वी पर आ गई और यमुना नदी की भांति, जन्म-पुनर्जन्म में, एक स्थान से दूसरे स्थान पर बहती रहीं। परमात्मा पिता का ही दूसरा नाम यमराज भी है। यम का एक अर्थ है कि वे आत्माओं के कर्मों का हिसाब करते हैं और दूसरा अर्थ है, नियम-संयम का ज्ञान देते हैं। दोनों ही कर्तव्य परमात्मा के हैं आधाकल्प के बाद द्वापर युग से हम आत्मायें अपने पिता परमात्मा को सभी रूपों में, भाई रूप में भी याद करती आई हैं और पृथ्वी लोक में आ पधारने का निमंत्रण देती आई हैं। परंतु वो समय भक्तिकाल का होता है, परमात्मा पिता के धरती पर अवतरण का नहीं फिर भी वे हमारी पुकार भरी अर्जियों को सुनते रहते हैं, दिल में समाते रहते हैं और कलियुग के अंत में जब पाप की अति हो जाती है तब वे साधारण मानवीय तन का आधार ले अवतरित हो जाते हैं। हम धरती पर अवतरित बन्धु रूप परमात्मा को दिल में समाकर, स्नेह से भोग लगाती हैं, उसका दिल व जान से आतिथ्य करती हैं।

## खबर संक्षेप



### बच्चों के साथ दीपावली मनाई, बांटे उपहार

**सागर।** वी क्लब सागर गोल्ड द्वारा तिलकगंज में बच्चों को दीपावली के दीपक बनाना सिखाएं एवं प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें वी पूनम मेवाती सचिव वी सीमा गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, नीलू केसरवानी एवं बच्चों के भिभावक सम्मिलित हुए। बच्चों को फल मिठाई पटाखे एवं शिक्षण सामग्री उपहार स्वरूप वितरित की गई।

### जया पांडेय ने सहायक प्राध्यापक परीक्षा सफलता पूर्वक उत्तीर्ण की



**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय सागर की शोधार्थी जया पांडेय ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। जया पांडेय के पिता राजेश पांडेय प्राइवेट कंपनी में सहायक प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त हैं, जबकि माता रजनी पांडेय भागीरथ नर्सिंग अस्पताल में नर्स के रूप में सेवाएं दे रही हैं। उनके बड़े भाई रजत पांडेय बैंक में सेवारत हैं। जया पांडेय को अपनी स्वर्गीय दादी कमला पांडेय, जो एक शासकीय विद्यालय में प्रधानाध्यापक थीं, से शिक्षा के प्रति समर्पण और सेवा भावना की प्रेरणा मिली। उनकी इस शैक्षणिक यात्रा में मार्गदर्शक के रूप में प्रोफेसर गिरीश मोहन दुबे तथा प्रोफेसर केशव टेकाम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही, डॉ. हर्ष मिश्रा और डॉ. साधना मिश्रा ने भी उन्हें निरंतर प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया।

**बिना जानकारी लिए प्लॉट क्रय न करें, अन्यथा कार्रवाई के लिए खरीदार स्वयं जिम्मेदार होंगे**

# नगर निगम क्षेत्र में स्थित 133 अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें नागरिक, निगम आयुक्त की अपील

### निगमायुक्त ने 133 अवैध कॉलोनियों को सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करने व शहर में एनाउंसमेंट कराने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे नगर निगम सीमा क्षेत्र में स्थित अवैध कॉलोनियों में प्लाट क्रय न करें, अन्यथा ऐसी स्थिति में संबंधित पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जाएगी और उसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। आयुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा समय-समय पर शहर में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों की जानकारी आम नागरिकों को दी जाती रही है, इसके बावजूद कुछ नागरिक अब भी ऐसी कॉलोनियों में प्लॉट खरीद रहे हैं जहाँ न तो सड़क, बिजली, पानी, नालियां आदि मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध हैं और न ही कॉलोनी निर्माण की स्वीकृति ली गई है ।निगमायुक्त ने कहा कि नागरिक जागरूकता का परिचय देते हुए किसी भी कॉलोनी में प्लॉट क्रय करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि वह कॉलोनी वैध है या नहीं। यदि कॉलोनी अवैध पाई जाती है तो उसमें प्लाट न खरीदें तथा भविष्य में परेशानी से बचने के लिए केवल पंजीकृत कॉलोनियों में ही अपनी पूंजी का निवेश करें। नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न वार्डों में 133 अवैध कॉलोनियां विकसित की गई है । जिनमें बाघराज वार्ड में 31, अंबेडकर वार्ड में 28 , पंतनगर वार्ड में 13 तिली वार्ड में 53 संत रविदास वार्ड में 7 एवं राजीव नगर वार्ड में 1 अवैध कालोनी विकसित की गई है, इन सभी 133 अवैध कालोनियों के विरुद्ध नगर निगम द्वारा नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। निगमायुक्त ने नागरिकों को अवैध कालोनियों की जानकारी के लिए सभी 133 अवैध कालोनियों को शहर के सभी सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करने व शहर में एनाउंसमेंट कराने के निर्देश दिए हैं।

निगमायुक्त ने 133 अवैध कालोनियों को सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करने व शहर में एनाउंसमेंट कराने के निर्देश दिए।

# कायस्थ समाज ने यम द्वितीया पर्व एवं चित्रगुप्त पूजन का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कायस्थ समाज सागर द्वारा यमद्वितीया पर्व एवं चित्रगुप्त पूजन का आयोजन बड़ी धूमधाम से प्रदेश कार्यालय में मनाया गया। कुलदेवी की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुए कार्यक्रम के साथ साथ कायस्थ समाज के आराध्य देव श्री चित्रगुप्त जी की पूजन के साथ साथ कलम दवात की पूजा अर्चना कर कायस्थ समाज ने यम द्वितीया पर्व मनाया। इस अवसर पर बहनों ने भाईयों की कलाई पर धागा बांधा एवं बहनों ने अपने हाथ से भाईयों को खाना खिलाया। ऐसा माना जाता है कि यमद्वितीया के दिन यमराज जी ने अपनी बहन यमुना के घर भोजन कर ये आशीर्वाद दिया था कि यमद्वितीया के दिन जो भी बहन अपने भाई को घर बुलाकर भोजन कराएगी एवं पान का बीड़ा खिलाकर आशीर्वाद प्रदान करेंगी मृत्यु उसके आसपास भी नहीं आएगी। कायस्थ समाज सागर के अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव ने बताया कि कायस्थ समाज सागर का रजिस्ट्रेशन सरकार ने बुंदेलखंड कायस्थ समाज के नाम से कर दिया है । अतः कायस्थ समाज सागर द्वारा भविष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम अब बुंदेलखंड कायस्थ समाज के नाम से आयोजित किए जाएंगे जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक 06/09/ 01/ 15530/ 25 है । कार्यक्रम में अनिल श्रीवास्तव, अक्षय श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव, अंबुज श्रीवास्तव, आदित्य श्रीवास्तव, सोनिया श्रीवास्तव, आयुषी श्रीवास्तव, प्रियांसी श्रीवास्तव, प्रतिभा श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, वंदना श्रीवास्तव, अथर्व श्रीवास्तव सहित समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### द्वितीय क्रमोन्नति के लिए कमेटी का गठन

**सागर।** पीएम यूएम कर्मचारी कल्याण कोष के प्रांतीय महासचिव मुकेश नेमा एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी ब्रजेश द्विवेदी ने आज जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन से शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में मुलाकात कर ज्ञापन दिया एवं चर्चा की जिसमें मुख्य रूप से शिक्षकों की 24 साल होने पर द्वितीय क्रमोन्नति के आदेश शीघ्र करने। शिक्षकों के डीए एरियर्स का भुगतान कई संकुलो मे अभी तक नहीं होने के संबंध में भी चर्चा की। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी का कहना है कि एरियर्स का भुगतान शीघ्र हो जाएगा और क्रमोन्नति के आदेश करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

## क्षत्रिय महासभा की कृषि एवं विधि सलाहकार समितियों का गठन, 26 को क्षत्रिय महासभा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला क्षत्रिय महासभा सागर के जिला अध्यक्ष लखन सिंह ने क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ संरक्षक मंडल की सहमति से कृषि एवं विधि से संबंधित क्षेत्र में कार्यरत क्षत्रिय समाज के प्रतिष्ठित व सेवाभावी गणमान्यों को संगठित कर क्षत्रिय महासभा की कृषि तथा विधि सलाहकार समितियों का गठन किया है। यह समितियां क्षत्रिय समाजजनों को संबंधित क्षेत्रों में प्रगति व सुविधा हेतु सलाह व मार्गदर्शन प्रदान करेंगी। क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा ने बताया कि महासभा की आगामी बैठक 26 अक्टूबर रविवार को दोपहर 3 बजे से रुद्राक्षधाम मंदिर परिसर में आयोजित की जाएगी।नवगठित क्षत्रिय महासभा कृषि सलाहकार समिति में एम एस ठाकुर खुरई संयोजक, अनिरुद्ध सिंह केसली, देवेंद्र सिंह झागरी बंडा तथा केके सिंह रहली को मनोनीत किया गया है। इसी प्रकार विधि सलाहकार समिति में चतुर्भुज सिंह राजपूत एड. सागर संयोजक, एड जितेंद्र सिंह राजपूत गंभीरिया, एड बलवीर सिंह देवरी, एड वीरेंद्र सिंह दातपुर तथा एड.हाकम सिंह गौरा सागर को मनोनीत किया गया है।

क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष लखन सिंह ने बताया कि अन्य क्षेत्रों की समितियों का गठन प्रक्रिया में है। उन्होंने मनोनीत सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं साथ ही क्षत्रिय महासभा जिला सागर के सभी सम्माननीय संरक्षक मंडल, पदाधिकारियों, वरिष्ठ व युवा सदस्यों से रविवार को आयोजित बैठक में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।



### तिलकगंज में 25 समोशरण मंडल विधान का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ आरंभ

**सागर।** दीपावली पर्व के उपरांत चातुर्मास निष्ठापन शुरू हो जाता है । इसी अवसर पर तिलकगंज जैन समाज के द्वारा आर्यिका विजिज्ञासा श्री माता जी के ससंघ सानिध्य में गत रोज 25 मंडलीय कल्पद्रुम महामंडल विधान का शुभारंभ हुआ । गुरुवार को प्रातः गौराबाई दिगम्बर जैन मंदिर, नमकमंडी सागर से तिलकगंज विधान मंडप तक 101 श्री जी के साथ घटयात्रा निकाली गई । तत्पश्चात कपिल मलैया के द्वारा ध्वजारोहण किया गया, इसमें सौधर्म इन्द्र दिलीप शाह, कुबेर इन्द्र नरेन्द्र नायक एवं भूमि प्रदाता चुन्नीलाल पटेल का सहयोग रहा । विधान पं.अंकित जैन के निर्देशन एवं विदुषी बाल ब्र. रूबी दीदी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। आज विधान के शुभारंभ पर आर्यिका विजिज्ञासा श्री माता जी ने कहा कि ऐसे महा अनुष्ठान से केवल विधान महापात्रों एवं पात्रों को ही नहीं वरन उस भूमि पर रहने वाले अनेक जीवों को पुण्य का फल मिलता है ।

## राष्ट्रीय कुडो प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों का सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्यप्रदेश कुडो एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश के तत्वावधान में सागर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय कुडो प्रतियोगिता 2025 के लिए चयनित खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 24 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक इनडोर स्टेडियम, सूरत (गुजरात) में आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश कुडो एसोसिएशन के चेयरमैन एवं नगर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विधायक जैन ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि "मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने हमेशा अपने परिश्रम और अनुशासन से प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। मुझे विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी सूरत में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और राज्य का नाम ऊँचा करेंगे।

### उद्यानिकी एवं कृषि आधारित उद्योगों पर एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**सागर।** एमएसएमई एवं सेडमैप सागर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में 17 अक्टूबर को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच के साथ उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपना करियर बना सकते है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय की पीएम उषा प्रभारी डॉक्टर इमरान सिद्दीकी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला।

### मालथौन में व्यवहार न्यायालय और 7 नवीन पदों की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया

**सागर।** मध्यप्रदेश मन्त्री परिषद की बैठक में खुरई विधानसभा क्षेत्र के मालथौन विकासखंड मुख्यालय पर व्यवहार न्यायालय (कनिष्ठ खंड) की स्थापना की स्वीकृति का निर्णय लिये जाने पर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री व मंत्रिपरिषद का आभार व्यक्त किया है।

## कायस्थ समाज ने की भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭बरेली

नगर में चल रहे पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व के बीच में भगवान चित्रगुप्त की पूजा का भी विधान होता है। विशेष रूप से कायस्थ समाज के आराध्य समस्त ब्रह्मांड के पाप पुण्य का लेखा जोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त की पूजा यम द्वितीया के अवसर पर की जाती है।

इसी क्रम में नगर में भी कायस्थ समाज ने बड़ी धूमधाम से अपने-अपने घरों में चित्रगुप्त पूजा की एवं भाई दूज का पर्व भी मनाया। दिवाली की पूजा के बाद कायस्थ समाज अपनी कलम को रख देते हैं इसके बाद यम द्वितीया की पूजा में भगवान चित्रगुप्त की पूजा कर कलम दवात और अपने लेखनी की पूजन विधान के उपरांत ही कलम से लिखना प्रारंभ करते हैं।

इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नगर एवं क्षेत्र के सभी कायस्थ बंधुओ ने गुरुवार को कलम दवात की पूजा की साथ ही बहनों ने भी अपने भाइयों को साथ भाई दूज पर्व भी मनाया।

# मढई मेले का आयोजन, हिउस और नप ने किया ढालों व पंडों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭बरेली

आदिवासी समाज के द्वारा अपनी परंपराओं का निर्वहन करते हुए अमावस्या की दूज को नगर के पशु बाजार में आयोजित होने वाले मढई मेला में माता चंडी का दरबार सजाकर पूजा अर्चना की इस दौरान नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले पंडो के द्वारा बड़े ही उत्साह है और उमंग के साथ ढालें माता को नचाया।

बता दें कि नगर में प्रतिवर्ष दीपावली की अमावस्या की दूज को नगर के पशु बाजार में मढई मेले का आयोजन किया जाता है। मेले के आयोजन के साथ-साथ यहां पर आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रम आदिवासी समाज के द्वारा आयोजित किए जाते हैं। आयोजित कार्यक्रम में हिंदू उत्सव समिति न.प. के द्वारा ढालों पंडों और आदिवासी समिति के कार्यकर्ता और पदाधिकारी का शाल श्रीफल से सम्मान किया।



23 अक्टूबर दूज को आयोजित होने वाले इस वार्षिक पारंपरिक मड़ई मेला में हजारों श्रद्धालुओं के द्वारा मैले में पहुंचकर माता चंडी को प्रसाद चढ़ा कर लिया आशीर्वाद । चंडी माता मेले में जहां नगर सहित आसपास के क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे वही ग्रामीण क्षेत्र से ढालों को नचाने वाले पंडा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ इस मेले में भाग लिया । साथ ही मड़ई उत्सव में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले पंडा एवं ढाले नचाने वालो को हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश बबेले एवं न.प. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चोधरी द्वारा अंग वस्त्र शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया ।

### सजाई जाती है चौकी

चंडी माता की चौकी सजा कर विशेष पूजन अर्चन की गई। इस दौरान नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से ढाले लेकर आने वाले श्रद्धालु एवं पंडा के द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ पूजन के दौरान ढालों को पूरे मेला परिसर की परिक्रमा करवाई गई । वहीं मेला की व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन के साथ-साथ हिंदू उत्सव समिति के द्वारा भी पूरा पूरा सहयोग किया गया मेले में व्यापारियों के द्वारा जगह-जगह लगाई गई मिठाई ओर खिलौने की बिक्री की जाती है । इस दौरान नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र से 27 डाले एवं 40 पंडा पहुंचे इनके साथ आदिवासी समाज समिति के पदाधिकारीयों का हिंदू उत्सव समिति के द्वारा स्वागत किया गया।

## अहिरवार समाज का नगर में होगा जिला अधिवेशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭बरेली

आगामी 26 अक्टूबर को अहिरवार समाज संघ का जिला अधिवेशन नगर के अंबेडकर भवन में संपन्न होगा आयोजित अधिवेशन को लेकर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी मप्र हनुमत सिंह बौद्ध ने बताया कि मुख्य अतिथि क्षेत्र विधायक व राज्य मंत्री माननीय नरेंद्र शिवाजी पटेल रहेंगे ।तथा कार्यक्रम के अध्यक्षता जगदीश सूर्यवंशी करेंगे। संगठन का मुख्य उद्देश्य है कि लोग जिन कारणों से दुखी हैं उन कारणों को दूर करना नशा मुक्ती तथा पर्यावरण संतुलन के लिए काम करना पहली प्राथमिकता है।आयोजित होने वाले अधिवेशन को लेकर जिला स्तर पर प्रचार प्रसार तेजी से चल रहा है।

# निराला समिति ने पटाखे, मिठाई वितरण कर मनाया प्रकाश का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭बरेली

नगर के विभिन्न हिस्सों में गरीबों, मजदूरों के खुले मैदान में डेरा डले हुए है। इन परिवारों और बच्चों के बीच पहुंच कर निराला साहित्य जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों ने मिठाईयां, बच्चों को फटाकें और परिवारों के सदस्यों को भोजन पेकेट वितरण कर दीपावली की खुशियां सांझा की गई।

एक और संपूर्ण नगर दीयों व लाइट की रोशनी से जगमग हो रहा था, परिवारों द्वारा खुशियों के लिए वस्तुओं की खरीदारी कर रहे थें, तो दूसरी ओर मजदूरों, गरीबों के परिवारों में दीपावली का उत्साह ही नजर नहीं आ रहा था। प्रतिवर्ष की भांति निराला समिति द्वारा भोजन के पेकेट मिठाईयां और बच्चों के लिए फटाकों के पेकेट वितरण किया।

समिति के पदाधिकारी संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ, समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़, सचिव अवध नारायण सक्सेना, प्रेमनारायण साहू, सईद पठान, भगवान दास राठी, राजेन्द्र रघुवंशी, महेन्द्र भावसार सदस्य सभी सामग्री के साथ कॉलेज के पास डेरों पर पहुंचे जहॉ लगभग 35-40 परिवारों एवं बच्चों को सामग्री का वितरण किया। काली मंदिर के पास एवं मुख्य सडक़ के किनारें वाले डेरों पर भी पहुंच कर भोजन पेकेट, मिठाई और बच्चों को फटाकों का वितरण किया। फटाकें पाकर बच्चों के चेहरें खिल उठे तो मजदूर परिवारों को मिठाईयां और बना बनाया भोजन मिल जाने और दीपावली के पर्व पर अन्यों को अपने बीच पाकर चेहरों में प्रसन्नता का भाव दिखलाई दिया।



जरूरतमंदों बच्चों के साथ मनाई दीपावली

**धान की चमक और दाना होगा कमजोर व उत्पादन होगा कम**

# बे-मौसम की बारिश से किसानों को होगा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭बरेली

नगर एवं क्षेत्र में 21 अक्टूबर को होने वाली बेमौसम बारिश से धान की फसल को नुकसान हुआ है। अचानक से होने वाली इस तेज बारिश के कारण खेतों में काटने के लिए तैयार धान की फसल खेतों में आढी हो गई है। ऐसी स्थिति में जहां फसल कटाई में देरी होगी एवं दोनों का रंग फीका पड़ेगा, वहीं फसल काटने के लिए अब किसानों को फसल सूखने के लिए और इंतजार करना पड़ेगा क्योंकि बारिश के दौरान धान की बाली पर पानी पडऩे से धान वजनदार हो जाती है और खड़ी फसल खेत में आड़ी हो जाती है।

किसानों का कहना है कि फसल भींगने के बाद यदि तेज धूप नहीं निकलती है तो फसल में नमी के कारण खराब होने के साथ-साथ फफूंदी भी लगने की संभावना है।इस संबंध में धनाश्री के कृषक अंकित रावत ने बताया कि होने वाली तेज बारिश के साथ हवा भी चली थी जिसके कारण फसल जमीन पर गिर गई है जो की कटाई के दौरान हार्वेस्टर में भी नहीं आएगी इस फसल को मजदूरों से कटवाना किसानो की मजबूरी बन गई है।



वहीं उन्होंने बताया कि कटी हुई फसलें नमी के कारण रंगहीन हो जाती हैं, जिससे उनकी गुणवत्ता और न्यूनतम औसत गुणवत्ता (एफ एक्यू) मानकों पर खरा उतरना मुश्किल हो जाता है।

महेश्वर के कृषक मारुति द्विवेदी ने बताया कि जहां फसल कटाई में देरी होगी वहीं दूसरी ओर एवरेज पर भी फर्क पड़ेगा । क्षेत्र में लगभग 65 हजार हेक्टेयर में धान उत्पादक किसानों के द्वारा बड़े ही उन्नत तकनीक से धान की पैदावारी की जाती है जिसकी मांग देश सहित विदेशों में भी है। हालांकि जिन किसानों के द्वारा पहले धान की रोपाई की गई थी उन किसानों की धान कट चुकी है लेकिन जिन किसानों ने बाद में धान की रोपाई की थी वह आज खेतों में काटने के लिए पक कर तैयार है।

मौसम में बदलाव : 1000 से अधिक मरीज प्रतिदिन पहुंच रहे जिला अस्पताल

# दिन-रात के तापमान में अस्थिरता, बढ़े खांसी जुकाम के मरीज, डॉक्टर बोले- बरतें सावधानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

अक्टूबर माह के तीसरे पखवाड़े में दिन-रात के तापमान में अस्थिरता की वजह से सर्दी खांसी जुकाम और वायरल फीवर के मरीज बढ़ रहे हैं। इसे लेकर डॉक्टर बोले इस मामले में सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक है। वरना वायरल फीवर एक बार आने के बाद कई दिनों तक बना रहता है यह गंभीर हो जाता है।

मौसम के बदलाव का असर मानव जीवन पर पड़ता है। गर्म ठंडे मौसम की चपेट में एक बार यदि मरीज आ गया तो वह ठीक होने में काफी समय लेता है। जिला अस्पताल की ओपीडी में पर्चा बनवाने मरीजों की लंबी लंबी कतारें लग रही हैं।

मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन का तापमान स्थिर है, जबकि न्यूनतम पारा लगातार ऊपर-नीचे हो रहा है। चार दिन पहले रात का तापमान 18 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। पिछले वर्ष इसी अवधि में अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस था।

**लोगों की सेहत पर पड़ रहा तापमान का उतार-चढ़ाव :** मौसम के इस उतार-चढ़ाव का असर लोगों की सेहत पर साफ दिखाई दे रहा है। जिला अस्पताल की ओपीडी में सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या 1000 से बढ़कर 1150 तक पहुंच गई है। इनमें से करीब 300 मरीज मौसमी बीमारियों से पीड़ित हैं।

## 1150 तक पहुंची जिला अस्पताल रायसेन की ओपीडी



### रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने से बचें

*मौसम में बदलाव के साथ ही सर्दी-जुकाम,वायरल बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। चिकित्सक बदलते मौसम में लोगों को अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) का विशेष ध्यान रखने की सलाह दे रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से सर्दी का असर बढ़ने के कारण दिन और रात के तापमान में अस्थिरता देखी जा रही है। इस परिवर्तन से शरीर का तापमान भी प्रभावित हो रहा है, जिससे खासकर बच्चों में खांसी-जुकाम के मामले बढ़ गए हैं।*

### डॉक्टरों की सलाह यह बरतें सावधानी

- सर्दी के मौसम में गर्म कपड़े पहनें और बाहर जाते समय ठंडी हवाओं से बचें।
- स्वच्छता का ध्यान रखें और अपने हाथों को बार-बार धोते रहें।
- पौष्टिक आहार लें और पर्याप्त पानी का सेवन करते रहें।
- नियमित शरीरिक व्यायाम करें और पर्याप्त नींद लें।
- धूम्रपान करने और शराब से बचें।
- घर और आसपास की सफाई रखें।
- भीड़भाड़ वाली जगहों से बचें और मास्क का उपयोग करें।

### इलाज पद्धति में हुआ बदलाव, अब बच्चों का हीलिंग व भाप से उपचार

छिंदवाड़ा ,बैतूल में हुई बच्चों की अमानक सिरप से मौतों के बाद जिला प्रशासन रायसेन भी अब जाग गया है। बच्चों के डॉक्टर ने डॉक्टरों ने चिकित्सा पद्धति में भी बदलाव किया है। अब बच्चों को हीलिंग व भाप दी जा रही है।

### सिरप कांड ने बदली अस्पतालों की कार्यशैली

छिंदवाड़ा, बैतूल में जहरीली दवा से हुई बच्चों की मौत ने प्रदेशभर में अस्पतालों की कार्यशैली को बदल दिया है। रायसेन जिला अस्पताल में अब डॉक्टर बच्चों के इलाज में सावधानी बरत रहे हैं और ऐसी दवा देने से परहेज कर रहे हैं जो बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर डाले। इसी कड़ी में जिला अस्पताल में बच्चों को किसी भी प्रकार का कफ सिरप मिलना ही बंद कर दिया है। अब डॉक्टर सिरप के पर्चे बनाना ही बंद कर चुके हैं। अब चिकित्सा पद्धति को बदलकर इलाज किया जा रहा है।

सर्दी-जुकाम के पीड़ित बच्चों को जिला अस्पताल में भांप और नेबुलाइजर आदि से इलाज किया जा रहा है। वहीं सिरप की जगह इंजेक्शन और टेबलेट आदि दी जा रही है। बच्चों के स्वास्थ्य को गंभीरता से लेते हुए जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा यह फैसला लिया गया है कि अब बच्चों की कोई सीरप नहीं दी जाएगी।

### अब आयुर्वेद की तरफ बढ़ रहा लोगों का रुझान

*छिंदवाड़ा, बैतूल शहर में नकली सिरप कांड के बाद लोगों ने आयुर्वेदिक दवा की ओर रुझान दिखाया है। शहर के आयुर्वेदिक दवाखानों पर लोगों की भीड़ दिखने लगी है। आयुर्वेदिक दवा का साइड इफेक्ट न होने से लोग इस ओर अपनी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। सर्दी-जुकाम, कफ, गले की समस्या आदि रोगों के लिए लोग आयुर्वेदिक दवा ले रहे हैं।*

### जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में पूरी तरह बंद दवा

*जिला अस्पताल के एसएनसीयू विभाग में शिशुओं के लिए पूरी तरह से दवा को बंद किया गया है। कोई बच्चा मेजर कंडीशन में होता है तो उसे मशीनीकरण उपचार दिया जा रहा है। डॉ आलोक राय का कहना है कि शिशुओं को पहले से ही दवा का सेवन उनके यहां नहीं कराया जाता है। अब पूरी तरह से मेडिसिन जिनमें सिरप होता है उसे प्रतिबंधित किया गया है।*

### इनका कहना है

प्रतिबंधित दवाओं को जिला अस्पताल में पूरी तरह बंद किया है। बच्चों का टेबलेट, भांप और इंजेक्शन आदि से इलाज दिया जा रहा है। शिशुओं के स्वास्थ को देखते हुए प्रबंधन ने फैसला लिया है।

**- डॉ आलोक राय,** शिशु रोग स्पेशलिस्ट एवं एसएनसीयू प्रभारी जिला अस्पताल।

ठेकेदार का अटका 30 लाख का भुगतान

# अब कैसे मिलेगा अस्पताल में भर्ती मरीजों को भोजन




◆ करीब 3 महीने से रुका हुआ है ठेकेदार का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीज और प्रसूताओं को अब भोजन और नाश्ता नहीं मिल पाएगा। क्योंकि किचिन के ठेकेदार का जिला अस्पताल प्रबंधन पर लगभग 10 माह का 30 लाख से भी अधिक राशि का भुगतान अटका हुआ है। ऐसे में स्थिति बेहद खराब हो जाएगी। मरीजों और प्रसूता महिलाओं को भोजन और नाश्ते के लाले पड़ जाएंगे।

मालूम हो कि जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के भोजन का ठेका है। ठेकेदार द्वारा जिला प्रशासन और जिला अस्पताल प्रबंधन के अधिकारियों को पत्राचार करके अवगत कराया जा चुका है, लेकिन फिर भी उन्हें राशि का भुगतान नहीं हो सका है। ऐसी स्थिति में ठेकेदार ने आर्थिक समस्याओं के कारण किचिन में भोजन और नाश्ते का काम बंद करने का फैसला किया है।

जिला अस्पताल के मरीज़ों और प्रसूताओं को भोजन और नाश्ते देने का ठेका दिया गया है। नियमित रूप से हर महीने ठेकेदार को अस्पताल प्रबंधन द्वारा भुगतान नहीं करने से 30 लाख रूपए से ज्यादा रुपए की राशि देना है। जो कि ठेकेदार को नहीं मिल सकी है, जिससे ऐसी स्थिति बनी हुई है।

### केंद्र सरकार की एनएचएम राशि का आधा अधूरा हुआ भुगतान

इस संबंध में जिला अस्पताल रायसेन के सिविल सर्जन डॉ यशपाल सिंह बाल्यान ने बताया कि राज्य सरकार और एनएचएम के बजट से किचिन के ठेकेदार का राशि का भुगतान होता है। लेकिन राज्य शासन से तो भुगतान हो गया है। लेकिन केंद्र सरकार की एनएचएम राशि का आधा अधूरा भुगतान हुआ है। मैंने दो-तीन बार वरिष्ठ कार्यालय को पत्राचार भी किया है। मैं खुद एक दो बार व्यक्तिगत रूप से आला अधिकारियों से बकाया राशि भुगतान जल्द कराए जाने के लिए मिल चुका हूं। भोपाल के अधिकारी यह भी बता रहे हैं कि प्रक्रिया चल रही है बाकी राशि का भुगतान किया जाएगा। यह बकाया राशि मेरे कार्यकाल की नहीं है। पूर्व के अधिकारियों ने भुगतान रोका है। इसमें मेरा कोई कसर नहीं है।

## खबर संक्षेप

### डॉ प्रभुराम चौधरी प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष नियुक्त

**रायसेन।** सांची विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री हितानंद शर्मा, सुहास भगत की सहमति से की गई है। बधाई एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करने वालों में जिपं अध्यक्ष यशवंत बब्लू मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, राकेश शर्मा सलामतपुर, ब्रजेश चतुर्वेदी, श्री हिउस के अध्यक्ष अनिल चौरसिया, बंटी माहेश्वरी, रौनक चौधरी, पर्व चौधरी, बब्लू ठाकुर, दीपक पण्ड्या, अंशुल शर्मा, सरपंच रंजीत लोधी चांदना, कालूराम विश्वकर्मा नकतरा आदि शामिल हैं।



### महिला पर हमले के आरोपी को जेल भेजा

**सिलवानी।** एक महिला पर डंडे से हमला कर घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। एसडीओपी अनिल मौर्य ने बताया कि वार्ड नंबर 13 निवासी आरोपी लालू जैन व उसकी मां के द्वारा पड़ोस में ही रहने वाली महिला सीमा जैन पर मंगलवार की रात डंडे से हमला कर घायल किया गया था। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी लालू जैन को गिरफ्तार किया तथा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए तहसील न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल वारंट पर जेल भेजा।

### प्रतापगढ़ मड़ई मेला में आज आएंगे उमंग सिंघार

**रायसेन।** मध्य प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार 24 अक्टूबर शुक्रवार को सिलवानी तहसील के प्रतापगढ़ आएंगे। यह जानकारी पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने दी। उन्होंने बताया कि उमंग सिंघार यहां सिलवानी तहसील के आदिवासी बहुल क्षेत्र के प्रतापगढ़ के भाईदूज पर लगने वाले मड़ई मेले में जनसभा को संबोधित करेंगे। सिंघार शुक्रवार को दोपहर 1 बजे कार द्वारा प्रतापगढ़ आएंगे। उन्होंने कांग्रेसजनों आदिवासी समुदाय के लोगों से मड़ई मेले में बड़ी संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# सुबह छाया सीजन का पहला घना कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र में बुधवार को सुबह 7 बजे से 8 बजे तक कोहरे का घनघोर पहरा रहा और आसमान पर बादलों का डेरा जमा रहा। जिससे वाहनों के आवागमन में काफी दिक्कतें हुई। कोहरा इतना ज्यादा घना रहा कि करीब 100 मीटर के बाद कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। साथ ही वाहनों की लाइट भी धीमी दिखाई दे रही थी। इसके बाद मौसम साफ हो गया।

जानकारों की माने तो पश्चिमी विक्षोभ और उत्तरी हवाओं की वजह से मौसम के मिजाज में बदलाव हुआ है। गौरतलब है कि क्षेत्र मे पिछले पांच दिनों से मौसम के मिजाज बदले हुए है।



# घोड़ा पछाड़ पुल पर लगी रेलिंग हुई क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित घोड़ा पछाड़ पुल पर लगी रेलिंग 3 साल से ज्यादा समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में लगी हुई है। जबकि इस पुल के ऊपर से 24 घंटे में 10 हजार से ज्यादा वाहनों का आना-जाना है। इस पुल की रेलिंग को टूटे हुए 3 साल से ज्यादा समय हो चुका है।

यह पुल कई साल पुराना बताया जाता है। इस पुल की दोनों ओर बनी हुई रेलिंग जगह-जगह से टूट रही है और रेलिंग का हिस्सा भी कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गया है।



जिम्मेदारों द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि रोजाना इस पुल पर से हजारों वाहन गुजरते हैं। इसी रास्ते से होकर कई वीआईपी गुजरते हैं। लगभग सौ वर्षों से भी अधिक पुराने पुल की रेलिंग जगह जगह से टूट चुकी है और बड़ी मात्रा में रेलिंग क्षतिग्रस्त भी हो चुकी है। जब इस पुल पर से कोई भारी वाहन गुजरता है तो पुल पूरा कांपने लगता है। इस पुल पर से प्रतिदिन यात्री बसें सैकड़ों की तादाद में गुजरती हैं। कभी भी कोई बड़ी अनहोनी होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

एमपीआरडीसी द्वारा इसकी मरम्मत नहीं करके राहगीरों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। कुछ महीने पहले ही हाईवे पर पैचवर्ग का कार्य किया गया है, मगर पुल की रेलिंग की मरम्मत नहीं की गई है।

स्थानीय नागरिकों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र से शीघ्र इस पुल की मरम्मत की जाए।

## तौल कांटो की पूजन कर खरीदी प्रारंभ

# कृषि उपज मंडी में मुहूर्त में 4001 रुपए क्विंटल बिकी धान उपज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

कृषि उपज मंडी सिलवानी में गुरुवार को भाईदूज के अवसर पर व्यापारियों द्वारा तौल कांटो का मंत्रोच्चार के बीच पूर्ण विधि विधान के साथ पूजन किया। पूजन पश्चात कर्मचारियों, किसानों व व्यापारियों को प्रसाद का वितरण किया।

तौल कांटो के पूजन के पश्चात मुहुर्त में किसानों द्वारा लाए गए अनाज की नीलामी आरंभ की गई। जिसमें बेगंवा के किसान मनोज साहू की धान नीलामी में सर्वाधिक राशि की बोली लगा कर 4001 रुपए में व्यापारी अंकित रघुवंशी अन्न पूर्णा फूड्स के द्वारा क्रय की गई। इसके अतिरिक्त मुहुर्त में ही चना 5561 रुपए, मसूर 6155 रुपए, तुअर 5560 रुपए तथा सोयाबीन 4050 रुपए प्रति क्विंटल में विभिन्न व्यापारियों के द्वारा किसानो से



क्रय किया गया। इसके अतिरिक्त किसानों के द्वारा लाए गए अन्य जिन्सों को भी नीलामी में बोली लगा का व्यापारियों के द्वारा क्रय किया गया।

ज्ञात रहे कि दीपावली पर्व के चलते करीब 5 दिन तक कृषि उपज मंडी में अवकाश रहा। इसके बाद गुरुवार को भाई दूज के अवसर पर व्यापारियों ने परंपरा अनुसार तौल कांटो का पूजन किया, तत्पश्चात खरीदी कार्य प्रारंभ किया। करीब 5 दिन बाद खुली मंडी में बड़ी संख्या में किसान अनाज लेकर पहुचें।

कृउम समिति सिलवानी द्वारा मंडी में अनाज विक्रय करने आने वाले किसानों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। शासन की कृषि संबंधी योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। बल्कि शुद्ध पेयजल, विश्राम के लिए विश्राम ग्रह की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

मामले में दो महीने पहले भी हो चुकी है गोलीबारी

# युवती के प्रेम में दो युवक पागल, दोनों में विवाद, गोली लगने से एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कोतवाली थाने के तहत ग्राम पठारी में एक युवक को गोली मार दी, जिसकी बीती रात भोपाल में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी पहचान 34 वर्षीय नेपाल धाकड़ के रूप में हुई। वह शहर के वार्ड 11 पटेल नगर का निवासी था। दो महीने पहले भी आरोपी ने मृतक के गुप्तांग में गोली मारी थी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 4 बजे थाना कोतवाली के ग्राम पठारी के एक घर में नेपाल धाकड़ मौजूद था। इसी दौरान आरोपी नीलेश ठाकुर भी वहां पहुंचा और दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी नीलेश ने देसी कट्टे से नेपाल धाकड़ पर गोली चला दी। गोली उसकी पीठ में लगी। गंभीर घायल नेपाल को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया। भोपाल में इलाज के दौरान बुधवार रात को उसने दम तोड़ दिया।

थाना कोतवाली प्रभारी नरेंद्र गोयल ने बताया कि पुलिस ने आरोपी नीलेश ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ धारा 307 (हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### यह है विवाद का सारा मामला

बताया जाता है कि पठारी गांव की एक युवती से दोनों युवक प्रेम करते थे। दोनों युवक युवती के साथ समय बिताने को लेकर विवाद करते थे। कोतवाली पुलिस के अनुसार, आरोपी नीलेश और मृतक नेपाल के बीच दो माह पहले भी पठारी में विवाद हुआ था। उस समय भी आरोपी ने नेपाल धाकड़ के गुप्तांग में गोली मारी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।

# बहनों ने भाई की लंबी उम्र के लिए लगाया तिलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

दीपावली के तीसरे दिन गुरुवार को ग्रामीण अंचलों में भाई दूज का त्यौहार बड़े ही हर्ष उल्लास और पूजा अर्चना के साथ मनाया गया। हिंदू धर्म में त्योहार मनाने के लिए उदया तिथि को प्राथमिकता दी जाती है। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार भाई दूज का पर्व गुरुवार को मनाया।

इस दिन भाई को टीका करने के लिए बहन भाई का पूरे दिन इंतजार करती रहती है भाई के आने के बाद बहन खुशी से भाई को अपने घर भोजन कराकर उसके सर पर टीका लगाती है। भाई की लंबी उम्र की बहन कामना करती है। सुबह से ही बहनों ने अपने भाइयों की आरती उतारी, तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार



देकर उनके प्रति स्नेह जताया। गांवों और शहरों में दिनभर त्योहार का उल्लास दिखाई दिया।

पौराणिक कथा के अनुसार यमुना जी ने अपने भाई यम देवता को घर पर भोजन के लिए आमंत्रित किया था। जब यम अपनी बहन के घर पहुंचे तो यमुना जी ने भाई को तिलक लगाकर स्वागत किया। साथ ही वरदान मांगा कि जो बहन अपने भाई को कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर घर में बुलाकर तिलक करें उसके भाई को यम का कोई भय न रहे।

मुनि साक्ष्य सागर व निवृत्त सागर महाराज ने दी आत्मबोध की प्रेरणा

# शरीर नश्वर-द्रव्य सदा अपरिवर्तनीय रहता है : मुनिराज

◆ अलवर (राजस्थान) से आए समाजजनों ने किए मुनिद्वय के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के पारसनाथ जिनालय में इन दिनों श्रद्धा और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। यहां पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनि साक्ष्य सागर महाराज एवं मुनि निवृत्त सागर महाराज द्वारा चातुर्मास किया जा रहा है। गुरुवार की सुबह आयोजित भव्य धर्मसभा में मुनिद्वय ने आत्मा और द्रव्य के गूढ़ तत्वों पर विस्तार से प्रवचन दिया।

धर्मसभा के आरंभ में चित्र अनावरण, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट, दीप प्रज्ज्वोलन आदि कार्यक्रम संपन्न किए। इस अवसर पर भोपाल, अलवर (राजस्थान) सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर



मुनिद्वय से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे।

अपने प्रवचन में मुनि साक्ष्य सागर महाराज ने कहा कि जीव की दृष्टि और अभिव्यक्ति का विषय अलग-अलग होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान की पर्याय विलीन हो जाती है, किंतु द्रव्य अर्थात् आत्मा अपरिवर्तनीय रहता है। द्रव्य का स्वभाव शाश्वत है, वह न कभी उत्पन्न होता है और न ही नष्ट। उन्होंने समझाया कि जीवन में परिवर्तन तो केवल शरीर और परिस्थितियों में होता है, परंतु आत्मा सदा एक समान रहती है।

मुनि निवृत्त सागर महाराज ने कहा कि संसार में हर पदार्थ परिवर्तनशील है, परंतु आत्मा अमर है। उन्होंने कहा शरीर नष्ट होता है, लेकिन आत्मा कभी नष्ट नहीं होती। जैसे वस्त्र बदलने से मनुष्य नहीं बदलता, उसी प्रकार शरीर परिवर्तन से आत्मा का अस्तित्व समाप्त नहीं होता। उन्होंने श्रद्धालुओं को आत्मा की शुद्धता को पहचानने और जीवन में संयम, करुणा व सत्य को अपनाने की प्रेरणा दी।

### आत्मबोध ही सच्चा ज्ञान है

उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति अपनी आत्मा के स्वरूप को जान लेता है, तब वह मोह, क्रोध और अहंकार से मुक्त होकर शांति का अनुभव करता है। आत्मबोध ही सच्चा ज्ञान है, जो मोक्ष का द्वार खोलता है। श्रद्धालुओं ने कहा मुनिद्वय के वचनों से जीवन में सकारात्मकता और आत्मिक शांति का संचार हुआ है। जिनालय परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महिलाओं ने भक्ति गीतों की स्वर लहरियों से वातावरण को भक्तिमय बनाया। वहीं युवाओं ने आयोजन में सक्रिय सहयोग कर व्यवस्था सुचारू रखी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।